Seat No. : _____

11C-108

May-2015

B.A., Sem.-II

CC-112 : Hindi

(Hindi Upnyas – Nirmala)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. 'निर्मला' उपन्यास की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । **14**

अथवा

ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए ।

(क) ..... साधारणत: स्त्री पुरुष से कहीं ज्यादा संयमशील होती है । जोड़ का पति पाकर वह चाहे पर-पुरुष से हँसी-दिल्लगी कर ले, पर उसका मन शुद्ध रहता है । बेजोड़ विवाह हो जाने से वह चाहे किसी की ओर आँखें उठाकर न देखे, पर उसका चित्त दु:खी रहता है ।

(ख) बाधाओं पर विजय पाना और अवसर देखकर काम करना ही मनुष्य का कर्त्तव्य है । भाग्य के नाम को रोने-कोसने से क्या होगा ?

2. उपन्यास के तत्त्वों के आधार पर 'निर्मला' उपन्यास का मूल्यांकन कीजिए । **14**

अथवा

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(अ) 'निर्मला' : शीर्षक की सार्थकता

(आ) 'निर्मला' का उद्देश्य

3. निर्मला की चरित्रगत विशेषताओं को उद्‌घाटित कीजिए । **14**

अथवा

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(क) सुधा

(ख) प्रेमचंद का कृतित्व

4. 'निर्मला' की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

'निर्मला' के चोटदार संवाद पाठकों को झकझोर देते हैं, कथन के आलोक में 'निर्मला' की संवाद-योजना पर प्रकाश डालिए ।

5. सूचनानुसार कीजिए । **14**

(अ) दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(1) उदयभानुलाल की हत्या _____ ने की थी । (भुवन, मतई, चोर, निर्मला)

(2) चन्दर निर्मला से _____ साल छोटा था । (तीन, चार, पाँच, सात)

(3) निर्मला के गहनों की चोरी _____ ने की थी । (मंसाराम, जियाराम, तोताराम, सियाराम)

(4) _____ प्रेमचंद रचित उपन्यास है । (चन्द्रगुप्त, गबन, पुरस्कार, त्यागपत्र)

(5) दिन में _____ ही बार पढ़ाता है या कई बार ? (एक, दो, तीन, पाँच)

(आ) निम्नलिखित विधान सही है या गलत बताइए ।

(1) मंसाराम घर छोड़कर साधु के साथ भाग जाता है ।

(2) प्रेमचंद का मूल नाम धनपतराय था ।

(3) कृष्णा सुधा की देवरानी थी ।

(4) निर्मला की बेटी का नाम मनोरमा था ।

(इ) सही जोड़े मिलाइये :

अ	**आ**
(1) निर्मला	(a) माता, मैं अपने रक्त से इस कालिमा को धो दूँगा ।
(2) मंसाराम	(b) जीने-मरने का हाल कोई नहीं जानता ।
(3) तोताराम	(c) बुलाने से तो मौत नहीं आती ।
(4) सुधा	(d) हम लड़कियाँ हैं, हमारा घर कहीं नहीं होता ।
(5) कल्याणी	(e) मैं ईश्वर नहीं हूँ, और न डॉक्टर ही को ईश्वर समझता हूँ ।
	(f) उपवास कर लेना आसान है, विषैला भोजन करना उससे कहीं मुश्किल ।

_____